हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार, 18 फरवरी, 2025

11 एचटी लाइन के विरोध में किसानों ने की महापंचायत



12 निबंध में सुजीता और पोस्टर में गरिमा प्रथम



## खबर संक्षेप

### सेक्टर-6 में मकान के बाहर से कार चोरी

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 में मकान के बाहर से कार चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। अमित का कहना है कि रात को उसने अपनी स्विफ्ट गाड़ी मकान के बाहर गली में खड़ी की थी। सुबह देख तो नहीं मिली। संभवतः चोरों ने शीशा तोड़ने के बाद गाड़ी चुराई है। इस शिकायत पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव खरहर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

**बहादुरगढ़।** गांव खरहर के मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस उपलक्ष्य में आयोजित यज्ञ में लोगों ने आहुति डालकर सुख, समृद्धि की कामना की। गांव के काफी लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कीर्तन में मधुर भजनों के जरिये ईश्वर की महिमा का बखान किया गया। शिक्षा विभाग के रिटायर्ड उपनिदेशक राजकुमार शर्मा के सहयोग से विधि विधानपूर्वक त्रिदेवी, अष्टभुजी दुर्गा माता, गायत्री माता, राधा कृष्ण, श्री नारायण, वरुणदेव, पंचमुखी हनुमान, नवग्रहों तथा ऋषि मार्कंडेय की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। महेंद्र शर्मा, धर्मवीर, कुशाल, करणदीप, नरेश की ओर से भंडारे का आयोजन हुआ। अनीता शर्मा उर्फ गुड्डी हरितस परिवार ने भी शिरकत की।

### पॉलिटेक्निक और इंजी. कॉलेज बनवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपते हुए यशपाल हिंदुस्तानी ने बहादुरगढ़ में पॉलिटेक्निक संस्थान व इंजीनियरिंग कॉलेज बनवाने की मांग की है। उनके अनुसार इंजीनियरिंग के लिए छात्रों को झज्जर, सांपला, रोहतक और दिल्ली जाना पड़ता है। इससे उनका समय और पैसा बर्बाद होते हैं। बहादुरगढ़ में पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना से युवाओं को काफी लाभ होगा।

### बहू गांव में रक्तदान शिविर कल लगेगा

**झज्जर।** आम जन विकास सेवा समिति द्वारा जिले के गांव बहू में रक्तदान तथा चिकित्सा परामर्श व जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के पदाधिकारी प्रदीप ने बताया कि गांव के रामलीला ग्राउंड में आयोजित होने वाला यह शिविर प्रातः दस बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक चलेगा। इस दौरान राजस्थान के जयपुर की चिकित्सकीय टीम द्वारा सेवाएं दी जाएंगी।

### आज जहाजगढ़ गांव में लीगल सर्विस कैंप

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को गांव जहाजगढ़ में लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि गांव जहाजगढ़ में लीगल सर्विस कैंप में परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, बिजली, रेवेन्यू, पानी, पेंशन आदि मामलों का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आस-पास गांव के लोग भी इस कैंप का लाभ ले सकते हैं।

### रविंद्र मलिक ने संभाला सीटीएम का पदभार

**झज्जर।** हरियाणा सिविल सर्विस 2020 बैच के एचसीएस अधिकारी रविंद्र मलिक ने जिला के सीटीएम का पदभार संभाल लिया है। इससे पूर्व वह बेरी उपमंडल में एसडीएम के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। नवनियुक्त सीटीएम ने पदभार संभालने उपरांत कहा कि शासन व प्रशासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य जिम्मेदारी व सजगता के साथ करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।



झज्जर। रविंद्र मलिक, सीटीएम झज्जर।

# भिवानी, गुरुग्राम और नारनौल में जीते बीआरजी के धावक

■ रनिंग ट्रैक पर धूम मचाने वाले बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों का दिखाया कमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रनिंग ट्रेक पर धूम मचाने वाले बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने भिवानी, गुरुग्राम, नारनौल, कोच्चि और उत्तराखंड में आयोजित दौड़ स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही नोएडा, चेन्नई और अन्य शहरों में भी बीआरजी के रनर्स ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। नरेंद्र पंघाल ने कोच्चि में शानदार प्रदर्शन किया। हीना फौगाट ने उत्तराखंड में बेहतरीन प्रदर्शन किया। बीआरजी संचालक दीपक छिल्लर ने बताया कि भिवानी हाफ मैराथन में ग्रुप के 25 धावकों ने भाग लिया। रोहित दहिया ने 21 किलोमीटर ओपन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रणबीर सांगवान ने 21 किलोमीटर 55 प्लस आयु वर्ग में द्वितीय स्थान, ब्रह्मप्रकाश मान ने तृतीय स्थान, कृष्णा ने महिलाओं की 10 किलोमीटर 55 प्लस आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। ब्रह्मप्रकाश मान को फिट डैड के टाइटल से नवाजा गया।



बहादुरगढ़। गुरुग्राम में जीत के बाद खुशी जाहिर करते बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

### गुरुग्राम में हुई कन्या-ए-थॉन हाफ मैराथन में बीआरजी के 35 धावकों ने भाग लिया

गुरुग्राम में हुई कन्या-ए-थॉन हाफ मैराथन में बीआरजी के 35 धावकों ने भाग लिया। दीपक छिल्लर ने 10 किलोमीटर में पेसर की भूमिका निभाई। सन्नी ने 21 किलोमीटर 18 प्लस ओपन कैटेगरी में द्वितीय स्थान और अब्बास ने तृतीय स्थान हासिल किया। गुलाब सिंह ने 10 किलोमीटर 30 प्लस आयु वर्ग में द्वितीय स्थान, विजेंदर सिंह ने 45 प्लस आयु वर्ग में द्वितीय स्थान, सुनील सिकरी ने 60 प्लस आयु वर्ग में तृतीय स्थान, संजू सैनी ने 5 किलोमीटर अंडर-18 कैटेगरी में द्वितीय स्थान हासिल किया। पांच किलोमीटर 45 प्लस आयु वर्ग में राजेश कुमार पहले, रोहतास कुमार द्वितीय और राजिंद्र पाल सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। इखलास ने 5 किलोमीटर 30 प्लस आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया।

### नारनौल हाफ मैराथन में नरेंद्र ने 21 किमी में पहला स्थान प्राप्त किया

नारनौल हाफ मैराथन में नरेंद्र जांगड़ा 21 किलोमीटर में पहला स्थान प्राप्त किया। अंशिका जाखड़ ने अंडर-18 कैटेगरी में 10 किलोमीटर में ओवरऑल द्वितीय स्थान व अपनी श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके साथ नीरज छिल्लर, कौशल शर्मा, जसविंद्र, विनोद, मोहित, गौरव कुंतल, सत्यवान डागर, संदीप, आरके मोर, नवीन राणा, किरन नरुला, अशोक शर्मा, संदीप, नसीब चंद व सतपाल ने सफलतापूर्वक दौड़ पूरी की।

## सोमवार को चेयरमैन पद को 5 व पार्षद पद के लिए 28 नामांकन जमा

# अब तक 49 ने पार्षद पद व 10 उम्मीदवारों ने चेयरमैन पद का नामांकन किया दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को बेरी नगर पालिका चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी गई। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि सोमवार को पार्षद पदों के लिए 28 तथा चेयरमैन पद के लिए पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए है।

उन्होंने बताया कि निकाय चुनाव के तहत नामांकन प्रक्रिया के तहत अब तक चेयरमैन पद के लिए 10 तथा पार्षद पद के लिए कुल 49 नामांकन जमा हुए हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को नगर पालिका चेयरमैन पद के लिए अंजित कादियान पुत्र सज्जन सिंह, मनीष कुमार पुत्र गोविंद राम, पिनाक पुत्र कुलदीप सिंह, देवेंद्र सिंह पुत्र जोरावर तथा अत्तर सिंह पुत्र रामचंद्र ने नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार वार्ड नंबर एक से पार्षद पद के लिए रजनीश कुमार पुत्र जयसिंह व नरेश पुत्र प्रेमसिंह, वार्ड नंबर दो से परविन्द्र पुत्र राजसिंह, वीरेंद्र कादियान पुत्र सरुप सिंह, दिनेश कुमार पुत्र सुरेश, नवदीप पुत्र सुभाष, कुसुमलता पत्नी मदनलाल व विनोद कुमार पुत्र खेमचंद , वार्ड नंबर पांच संतोष पत्नी जितेंद्र, धर्मेंद्र पुत्र सतीश कुमार वार्ड नंबर छह से राजेश कुमार पुत्र नवीन कुमार, विजय पुत्र राजबीर सिंह व अजय पुत्र राजबीर सिंह, वार्ड नंबर सात से सुरेंद्र पुत्र राजकुमार, अनिल कुमार पुत्र दिलबाग सिंह, नीरज पुत्र समुंद्र सिंह, सचिन पुत्र सतबीर वार्ड नंबर 8 से धर्मवीर पुत्र सतबीर, उमेद सिंह पुत्र सतीश कुमार, मोनिका शर्मा पत्नी विक्रम सिंह, वार्ड नंबर नौ से उमारानी पत्नी जतिन कुमार, दिनेश कुमार पुत्र जय भगवान व राजबाला पत्नी जय भगवान, वार्ड नंबर दस से ऊषा देवी पत्नी मनोज कुमार, शकुंतला पत्नी प्रवीण, वार्ड नंबर 11 से ममता देवी पत्नी हवासिंह वार्ड नंबर 12 से विजेता पत्नी मनीष तथा वार्ड नंबर 13 से दीपांशु पुत्र बलराम ने नामांकन पत्र दाखिल किए है।

### बेरी नपा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न




झज्जर। जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशन में रेंडमाइजेशन प्रक्रिया करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** बेरी नगर पालिका चुनाव के लिए राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पोलिंग पार्टियों की प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया सोमवार को संपन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि बेरी नपा चुनाव के लिए मतदान 2 मार्च को होगा व 14 वार्डों के लिए कुल 14 पोलिंग स्टेशन स्थापित होंगे। 20 प्रतिशत पोलिंग पार्टियों को रिजर्व रखा गया है। राज्य चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के जरिये रेंडमाइजेशन की गई। राज्य चुनाव आयोग के शेड्यूल के अनुसार दूसरे चरण का रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने बताया की प्रथम चरण के रैंडमाइजेशन को पूरा करते हुए डाटा लॉक कर दिया गया है। इस दौरान सीटीएम रविंद्र मलिक, डीआईओ अमित बंसल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### वार्ड वाइज डिटेल

वार्ड नंबर 1 से 4 उम्मीदवारों ने,
वार्ड नंबर 2 से 8 उम्मीदवारों ने,
वार्ड नंबर 3 से 3 उम्मीदवारों ने
वार्ड नंबर 4 से 1 उम्मीदवार ने
वार्ड नंबर 5 से 3 उम्मीदवारों ने,
वार्ड नंबर 6 से 4 उम्मीदवारों ने,
वार्ड नंबर 7 से 5 उम्मीदवारों ने,
वार्ड नंबर 8 से 4 उम्मीदवारों ने
वार्ड नंबर 9 से 3 उम्मीदवारों ने,
वार्ड नंबर 10 से 3 उम्मीदवारों ने,
वार्ड नंबर 11 से 3 उम्मीदवारों ने,
वार्ड नंबर 12 से 2 उम्मीदवारों ने,
वार्ड नंबर 13 से 3 उम्मीदवारों ने
तथा वार्ड नंबर 14 से 3 उम्मीदवारों ने निकाय चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है।



झज्जर। नवविवाहित दंपत्ति को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए सीएम नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

# सीएम नायब सिंह सैनी ने दिया नवविवाहित दंपति को आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ पार्टी कार्यकर्ता राजकुमार कटारिया के निवास पर पहुंचे प्रदेश के सीएम

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को शहर के सीताराम गेट क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ता राजकुमार कटारिया के निवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पार्टी सदस्यता अभियान के प्रदेश सह प्रमुख एवं जुलाना के चुनाव प्रभारी राजकुमार कटारिया के नवविवाहित भतीजे रोहित और उनकी पत्नी नेहा को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते उनके सुखमय जीवन की कामना की।

उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं का कुशलक्षेम भी जाना। इस अवसर पर प्यारे लाल कटारिया, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, सोनीपत भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दौदवा, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, भाजपा महिला जिला प्रभारी नीलम अहलावत, जिला महामंत्री रामफल सैनी, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट संदीप चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष, केशव सिंघल, नीरज प्रजापति सहित अन्य भी मौजूद रहे।

उधर, इस दौरान नप सफाई कर्मियों ने अपनी समस्याओं और मांगों के बारें में भी सीएम को अवगत करवाया। सीएम ने उन्हें समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

# कंपनी में फंदे पर युवक का शव लटका मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ वह अपनी छोटी बहन के साथ मुंडका में जीजा के यहां रह रहा था

एमआईई स्थित एक कंपनी में एक युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा मानसिक रूप से परेशान होकर यह कदम उठाए जाने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 21 वर्षीय ऋषभ के रूप में हुई है। उत्तर प्रदेश मूल का रहने वाला था। ऋषभ के माता, पिता गुजर चुके हैं। वह अपनी छोटी बहन के साथ मुंडका में जीजा के यहां रह रहा था। जानकारी के अनुसार, एमआईई स्थित एक कंपनी में उसका कोई परिचित शख्स गार्ड है। वह रविवार को उसके पास आया था। गार्ड उसे कंपनी में छोड़कर कुछ देर के लिए चला गया। जब वह वापस आया तो ऋषभ नजर नहीं आया। अंदर देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर एमआईई चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। युवक ने किन कारणों के चलते यह कदम उठाया, ये अभी स्पष्ट नहीं है। मानसिक परेशानी की बात सामने आई है।

# दो किसानों के खेतों से मोटर चोरी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ दुल्हेड़ा और खरमाण के खेतों में वारदात हुई, जांच में जुटी पुलिस

खेतों में चोरी की वारदात नहीं थम रही। अब दो और मामले सामने आए हैं। दुल्हेड़ा और खरमाण के खेतों में वारदात हुई है। पुलिस को दी शिकायत में खरमाण के निवासी रामनिवास का कहना है कि उसने अपने खेत में कमरा बनवा रखा है। उस कमरे में मोटर लगवा रखी है। जब सुबह वह खेतों में गया तो कमरे का ताला टूटा हुआ था।


जांच करने पर मोटर नहीं मिली। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस वजह से काम भी बाधित हो गया है। इस शिकायत पर सदर थाने में केस दर्ज हुआ है। वहीं गांव दुल्हेड़ा में संदीप के खेत से पानी की मोटर चोरी हुई है। इस संबंध में बादली थाने में केस दर्ज हुआ है।

बता दें कि इलाके के गांव लडरावण, कुलासी, कानोंदा, बामड़ोली, आसौदा, छारा, मातन, आसंडा, नूना माजरा, बुपनिया, गुभाना, दुल्हेड़ा, खरमाण सहित कई गांवों के खेतों में चोरी की वारदात हो चुकी हैं। बहुत सी वारदात अनसुलझी हैं। इन वारदातों के कारण काफी किसानों को आर्थिक हानि हुई है।

# मकान में आग लगाने का प्रयास, घर के बाहर व अंदर मिली पेट्रोल की बोतल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कस्बा बेरी में अज्ञात लोगों द्वारा एक घर में आग लगाने का प्रयास किया गया है। मकान मालिक द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज कर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में बैठान पाना निवासी महेश ने बताया कि बीती पन्द्रह फरवरी की रात किसी अंजान व्यक्ति द्वारा उसके रिहायशी मकान में आग लगाने का प्रयास किया गया है। उसे अपने घर के अंदर एक पेट्रोल की बोतल मिली है। जब उसने बाहर देखा तो एक बोतल बाहर भी पड़ी थी। महेश के अनुसार किसी अंजान व्यक्ति द्वारा उसे जान से मारने की नीयत से घर में आग लगाने का प्रयास किया है। इसके बाद उसने डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी।



झज्जर। सीसीटीवी फुटेज में घर की दीवार के पास दिखाई दे रहे दो लोग। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर जब आस-पास के घरों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो एक फुटेज में रात करीब पौने दो बजे दो लोग घर के आसपास संदिग्ध गतिविधियों में शामिल दिखाई पड़ते हैं। सामने से पड़ने वाली तेज रोशनी के कारण लोगों का चेहरा दिखाई नहीं देता। जब पुलिस ने मौका-मुआयना किया तो वहां घर के नजदीक कुछ लकड़ियों में भी आग लगाई गई थी।

## मनीष बने नायब तहसीलदार, बधाई देने वालों का लगा तांता



**बहादुरगढ़।** प्रदेश सरकार ने 32 कानूनगो को नायब तहसीलदार बनाया है। इनमें बहादुरगढ़ के ऑफिस कानूनगो मनीष कुमार भी शामिल हैं। मनीष के नायब तहसीलदार बनने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। बता दें कि ये 32 कानूनगो विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर नियमानुसार नायब तहसीलदार के पद पर प्रमोट हुए हैं। यह परीक्षा 1 से 5 जुलाई 2024 के दौरान चंडीगढ़ में हुई थी। सरकार ने इन्हें प्रमोट करने में संजीदगी नहीं दिखाई तो कानूनगो ने कोर्ट में केस कर दिया था। अदालत की फटकार बाद सरकार ने परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए उन्हें नायब तहसीलदार के रूप में प्रमोट कर दिया है। मनीष कुमार ने 1997 में बतौर पटवारी बहादुरगढ़ में ज्वाइन किया था। इसके बाद उन्हें 2012 में ऑफिस कानूनगो बनाया गया था। राजस्व विभाग में 28 साल की सेवा के दौरान बेहतरीन काम करने के लिए उन्हें कई बार सम्मानित किया जा चुका है। जयवीरेंद्र दलाल, कमल यादव, प्रवीण धनखड़ व मनमोहन आदि ने मनीष कुमार को पदोन्नति के लिए बधाई दी।

## अंडर-11 व 13 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# बहादुरगढ़ व लोवा खुर्द ने जीती फुटबॉल स्पर्धा

■ प्रतियोगिता में महम, रोहतक भाली, लक्ष्मी नगर दिल्ली व बहादुरगढ़ से लगभग 16 टीमों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ गांव के सरपंच विनोद जून व मौजिज व्यक्तियों ने सम्मानित किया

गांव लोवा खुर्द के स्टेडियम में अंडर-11 व 13 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शानदार प्रदर्शन के बल पर सिटी बहादुरगढ़ और लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब ने प्रतियोगिता अपने नाम की। विजेताओं, उपविजेताओं को सम्मानित किया गया।

लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में महम, रोहतक भाली, लक्ष्मी नगर दिल्ली व बहादुरगढ़ से लगभग 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान शानदार मुकाबले देखने को मिले। ग्रामीणों ने मुकाबलों का लुत्फ उठाया। प्रतियोगिता में रेफरी युवराज, निखिल, अरमान, हर्षित, कुनाल व टीनू रहे। अंडर-11 में बेस्ट गोलकीपर बहादुरगढ़ टीम से मोहक रहे, तेजवंश इंदुज स्पोर्ट्स से बेस्ट प्लेयर रहे। अंडर-13 में हर्ष लोवा खुर्द से बेस्ट प्लेयर रहे, पार्थ बीबीडी दिल्ली से बेस्ट मिडफील्डर रहे। अंडर-11 में विजेता सिटी बहादुरगढ़ फुटबॉल टीम रही, उपविजेता इंडीज स्पोर्ट्ज रही। अंडर-13 में विजेता लोवा खुर्द स्पोर्टस क्लब रही, उपविजेता दिल्ली की टीम रही। विजेता और उपविजेता को गांव के सरपंच विनोद जून व मौजिज व्यक्तियों ने मेडल, ट्रॉफी से सम्मानित किया।



बहादुरगढ़। ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

कोच सुदर्शन ने बताया कि छोटे बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए आगे भी इस तरह की प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इस मौके पर कमेटी प्रधान नरेश ने कोच विनय जून, कोच रितु रानी, कमेटी से लाला मास्टर, विक्की मास्टर, शमशेर सिंह, प्रदीप, सतपाल, राजेंद्र, जोश एकेडमी का धन्यवाद किया।

हरिभूमि

# सहेली



अपने आपको अंडर-एस्टिमेट करना या कहें कमतर आंकने का मतलब है, आपमें सेल्फ-एस्टीम की कमी है। इसका असर आपकी पर्सनल लाइफ में आपके रिश्तों पर, प्रोफेशनल लाइफ में आपकी प्रोग्रेस पर और मेंटल हेल्थ पर भी पड़ता है। मेंटल हेल्थ बिगड़ने से तो जीवन में दूसरी बहुत-सी रुकावटें, समस्याएं जन्म लेती हैं। आप कैसे पहचानें कि लो सेल्फ एस्टीम की शिकार हैं, इससे कैसे जल्द से जल्द उबर कर आप अपना स्वस्थ, सफल और सुखी जीवन जिएं। आपके लिए बहुत ही जरूरी सलाह।

## कहीं आप सेल्फ-एस्टीम की कमी के शिकार तो नहीं

कवर स्टोरी

ललिता गोयल

क्या आप खुद को नापसंद करती हैं, दूसरों से कम समझती हैं, हमेशा किसी न किसी बात के लिए खुद को कोसती रहती हैं, अपने आप पर विश्वास नहीं करतीं, खुलकर अपनी तारीफ स्वीकार नहीं कर पातीं, हर गलत बात के लिए अपने आपको दोषी ठहराती हैं, आपको कोई भी काम ठीक से न कर पाने की चिंता सताती रहती है? अगर ऐसा है तो ये बातें यह दर्शाती हैं कि आप खुद को कम समझती हैं, आपमें सेल्फ-एस्टीम यानी आत्म-सम्मान की कमी है।

### क्या है सेल्फ-एस्टीम

सेल्फ-एस्टीम या आत्म-सम्मान ऐसी भावना है, जो किसी भी व्यक्ति को उसकी अहमियत का अहसास कराती है। जब हम खुद को समझते हैं, अपनी खूबियों को पहचानते हैं, तब हम खुद को वैल्यू देते हैं। खुद को समझकर और वैल्यू देकर जीवन की चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर पाते हैं। एक कामयाब इंसान बनते हैं।



### जीवन में सेल्फ-एस्टीम का होता है बहुत महत्व

किसी भी व्यक्ति में सेल्फ-एस्टीम का होना या न होना, उसकी मेंटल हेल्थ, रिलेशनशिप और प्रोफेशनल ग्रोथ पर गहरा असर डालता है। जिन लोगों में लो सेल्फ-एस्टीम होता है, वे अपनी असफलताओं पर अधिक ध्यान देते हैं और अपनी सफलताओं को नजर-अंदाज करते हैं। इससे उनमें डिप्रेशन और एंग्जाइटी की प्रॉब्लम हो सकती है। सेल्फ-एस्टीम मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाती है। तनाव दूर करती है। जिन लोगों में सेल्फ-एस्टीम होता है, वे किसी से बात करने और उनकी मदद लेने में सहज होते हैं। लो सेल्फ-एस्टीम होने पर वे समाज से कट सकते हैं, जबकि बेहतर सेल्फ-एस्टीम की वजह से वे खुलकर अपनी बात कहते हुए मजबूत रिश्ते बना सकते हैं।

### लो सेल्फ-एस्टीम के नुकसान

सेल्फ-एस्टीम की कमी होने के कारण व्यक्ति अपने किसी भी काम को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं होता है। उसके लिए अपनी जिंदगी के बड़े फैसले लेने में मुश्किलें आती हैं। ऐसे लोग खुद को किसी लायक नहीं मानते, इसी कारण अपनी स्किल्स पर भी काम नहीं कर पाते हैं। कई बार तो कुछ लोगों को यह पता ही नहीं चल पाता कि उनमें सेल्फ-एस्टीम की कमी हो रही है।

### सेल्फ-एस्टीम की कमी के लक्षण

सेल्फ-एस्टीम के लाभ और लो सेल्फ-एस्टीम के नुकसान को जानने के बाद यह जानना भी जरूरी है कि सेल्फ-एस्टीम की कमी होने पर कौन-कौन से लक्षण दिखाई देते हैं।

**खुद को लेकर नेगेटिव रहना:** जिन लोगों में सेल्फ-एस्टीम की कमी होती है, ऐसे लोग ज्यादातर खुद को लेकर नेगेटिव ही रहते हैं। ऐसे लोग खुद को हमेशा किसी न किसी चीज के लिए कोसते रहते हैं। इन्हें हमेशा लग रहा होता है कि इनकी लाइफ में कुछ भी बेहतर नहीं होता है। ऐसे व्यक्ति अपनी जिंदगी को ज्यादा मुश्किल बना लेते हैं, अपना कॉन्फिडेंस खोने लगते हैं।

**कॉन्फिडेंस की कमी होना:** सेल्फ-एस्टीम की कमी के कारण लोग अपना आत्म-सम्मान खोने लगते हैं। उनके लिए अपने जीवन के छोटे-बड़े फैसले कर पाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे व्यक्ति दूसरों पर निर्भर रहने लगते हैं और कोई भी काम खुद करने की कोशिश नहीं करते हैं।



**तारीफ स्वीकार न कर पाना:** सेल्फ-एस्टीम की कमी वाले लोग हमेशा खुद को दूसरों से कम ही समझते हैं। ऐसे में अगर कोई उनकी तारीफ भी करता है, तो उन्हें लगता है कि तारीफ करने वाला उनकी चापलूसी कर रहा है, वे उस तरह के लायक नहीं है और उनके लिए अपनी तारीफ स्वीकार कर पाना काफी मुश्किल हो जाता है।

**दूसरों को इंप्रेस करते रहना:** दूसरों की किसी क्वालिटी या काम की तारीफ करना अच्छी बात है। लेकिन दूसरों को इंप्रेस करने की कोशिश में सामने वाले की हर बात की तारीफ करना भी सेल्फ-एस्टीम की कमी की ओर इशारा करता है। ऐसे में व्यक्ति दूसरों को खुद से बेहतर दिखा रहा होता है और न चाहते हुए भी खुद को दूसरों से कम मानने लगता है। ऐसे में व्यक्ति अपनी तुलना हमेशा दूसरों से करता रहता है, जो उसका कॉन्फिडेंस कम होने का कारण भी बन सकता है। सेल्फ-एस्टीम की कमी होने से मानसिक स्वास्थ्य और आपसी रिश्तों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। धीरे-धीरे आप अपने सेल्फ-एस्टीम को बढ़ा सकती हैं। छोटे-छोटे बदलाव और कुछ आसान कदमों से आप फिर से सेल्फ-एस्टीम की भावना महसूस कर सकती हैं।

### सेल्फ-एस्टीम बढ़ाने के उपाय

लंबे समय तक लो सेल्फ-एस्टीम का शिकार होना मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है, इससे जल्द से जल्द उबरना चाहिए। अपना सेल्फ-एस्टीम बढ़ाने के लिए क्या उपाय अपनाएं, जानें-

**खुद को दें शाबाशी:** अपनी हर छोटी और बड़ी कामयाबी के लिए खुद को शाबाशी दें, क्योंकि जब तक आप अपनी वैल्यू नहीं करेंगी तब तक दूसरे भी आपको वैल्यू नहीं कर पाएंगे।

**निर्धारित करें अपनी सीमाएं:** अपनी सीमाएं जरूर निर्धारित करके रखें क्योंकि अगर आपकी अपनी कोई सीमा नहीं होगी, तो लोग आपका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**खुद को बेहतर बनाएं:** अपनी स्किल्स पर काम करना शुरू करें और खुद को बेहतर बनाएं। इससे आपमें कॉन्फिडेंस और आत्म-सम्मान की भावना बढ़ेगी। हर रोज थोड़ा-थोड़ा खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करें, यह चीज आपको आत्म-सम्मान बढ़ाने में मदद कर सकती है। इसलिए खुद पर काम करना शुरू करें।

**खुद को कभी कमतर न आंकें:** खुद से यह कभी न कहें कि मैं कुछ नहीं कर सकती हूं। ऐसा करके आप अपने रास्ते में खुद ही रुकावट डालेंगी। आप खुद को जितना कमतर समझेंगी, आगे बढ़ने में आपको उतनी ही मुश्किल होगी।

**स्वास्थ्य का रखें ध्यान:** अगर आप खुद को महत्वपूर्ण समझती हैं, तो अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें। हेल्दी डाइट लें, सही नींद और मानसिक शांति आपके आत्म- सम्मान को बढ़ाती है। इसके लिए रेग्युलर मेडिटेशन और एक्सरसाइज करें।

**अपनी छोटी-छोटी सफलताओं को दें महत्व:** अपनी छोटी-छोटी सफलताओं पर ध्यान दें, जैसे, अपने जिम रूटीन को पूरा करना या किसी मुश्किल प्रोजेक्ट को समय पर खत्म करना।

**निरंतर सीखते रहें:** यह जरूरी नहीं कि आपको सब कुछ परफेक्ट या सही तरीके से करना आता हो। इसलिए किसी भी चीज को सीखना सबसे महत्वपूर्ण है, फिर चाहे वह आपकी नौकरी से संबंधित हो या आपके शौक से जुड़ा हुआ कुछ हो।

**छोटे और साधारण लक्ष्य बनाएं:** बड़ी उम्मीद पालने की बजाय छोटे और साधारण लक्ष्य बनाएं। हर छोटे लक्ष्य की सफलता आपको आत्म-विश्वास और ऊर्जा देगी।

---

बच्चों के एग्जाम की तैयारी करवाना पैरेंट्स के लिए भी कम स्ट्रेसफुल नहीं होता है। लेकिन ऐसे में आपको ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे बच्चे की टेंशन और बढ़े। एग्जाम की तैयारी करवाते समय किन बातों का ध्यान पैरेंट्स रखें, आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

## जब करवाएं बच्चे की एग्जाम प्रिपरेशन



एडवाइस

शिखर चंद जैन

मीनल अपने नौ वर्षीय बेटे अंशुल को बुरी तरह डांट रही थी। तभी वहां आई पड़ोस में रहने वाली उसकी सहेली आभा ने पूछा, 'क्या हुआ मीनल, इसने कोई शैतानी की है क्या?'

मीनल ने कहा, 'नहीं आभा, मैं तो इसके पढ़ने के तरीके से परेशान हूं। एग्जाम नजदीक हैं, सब बच्चे बोल-बोलकर पढ़ते हैं, याद करते हैं। एक यह है कि पता नहीं चुपचाप क्या करता रहता है? कभी बोलकर पढ़ता ही नहीं।'

इस पर आभा ने समझाते हुए कहा, 'मीनल हर बच्चे का पढ़ने और याद करने का अपना तरीका होता है। इसे डांटो मत। वह चुपचाप इंपॉर्टेंट प्वाइंट्स को अपनी सुविधा के लिए अंडरलाइन कर रहा होगा और कॉपी में समरी के रूप में बुलेट प्वाइंट बनाता होगा।' तब मीनल को अपनी गलती का अहसास हुआ।



**बिना वजह डांटने से बचें:** एग्जाम नजदीक आते ही पैरेंट्स अपने बच्चों को उसकी तैयारी करवाने के लिए कमर कसकर जुट जाते हैं। इस प्रेशर में कई पैरेंट्स अपने बच्चों पर न सिर्फ अनावश्यक पाबंदियां लगा देते हैं बल्कि उन्हें बेमतलब डांटते-फटकारते भी हैं। इससे बच्चा टेंशन में आ जाता है। नतीजतन पढ़ाई में उसका मन नहीं लगता। पैरेंट्स को यह समझना बहुत जरूरी है कि उनके बच्चे का लर्निंग स्टाइल क्या है, उसके अनुसार ही उसे गाइडेंस दें।

**टाइम मैनेजमेंट में हेल्प करें:** अपने बच्चे को परीक्षा की तैयारी में मदद करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उसे टाइम टेबल बनाने के लिए एनकरेज करें। इससे न केवल उसके पास अपने सभी विषयों को पूरी तरह से कवर करने का समय होगा, बल्कि इससे उसका मन भी एकाग्रता से पढ़ने के लिए तैयार रहेगा।

**समझें बच्चे का लर्निंग स्टाइल:** हर बच्चे का चीजों को सीखने, नई जानकारियां हासिल करने और याद करने का अपना ढंग होता है। अगर बच्चा विजुअल लर्नर है तो वह सब्जेक्ट पढ़ते समय प्रमुख बिंदुओं और पंक्तियों को हाईलाइट करेगा, अलग-अलग कलर से प्वाइंट्स बनाएगा और बीच-बीच में नोटबुक में अपनी सुविधा के मुताबिक डायग्राम, ग्राफिक्स या बुलेट प्वाइंट लिखेगा। उसे एजुकेशनल वीडियो देखना भी पसंद हो सकता है। वहीं ऑडिटरी लर्नर बच्चे, विषय को बोल-बोलकर पढ़ते हैं। वे दूसरे बच्चों से डिस्कस करते हैं और एक-दूसरे को विषय सुनाते और समझते भी हैं। कुछ बच्चे हर 15-20 मिनट या आधे घंटे के अंतराल पर उठकर पानी पीते हैं और खिड़की की तरफ झांकने लगते हैं। कुछ बच्चे लगातार दो से तीन घंटे एक ही सिटिंग में पढ़ना पसंद करते हैं। इसलिए बच्चे की लर्निंग स्टाइल पर उसे न टोकें।

**इमोशनल सपोर्ट दें:** बच्चों के लिए एग्जाम टाइम स्ट्रेसफुल होता है। इस दौरान उनके लिए इमोशनल सपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण होता है। अपने बच्चे की समस्याओं, चिंताओं को सुनने और एनकरेज करते रहें।

**रिविजन के लिए प्रेरित करें:** एग्जाम्स की अच्छी तैयारी के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम है रेग्युलर रिवीजन। इससे बच्चा जो याद करेगा, उसे कभी नहीं भूलेगा।

**रेस्ट करने के लिए भी कहें:** बच्चे एग्जाम की तैयारी के दौरान कई बार मानसिक रूप से थक जाते हैं। उन्हें आराम की जरूरत होती है। नियमित ब्रेक लेने से तनाव को दूर करने में मदद मिल सकती है।

---



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## बालों के लिए फायदेमंद है मुलेठी

बढ़ते पॉल्यूशन और अव्यवस्थित लाइफस्टाइल की वजह से अधिकतर महिलाएं किसी न किसी हेयर प्रॉब्लम से परेशान रहती हैं। बालों का असमय सफेद होना, कम उम्र में बालों का झड़ना, कमजोर और पतले बाल जैसी समस्याएं अब बहुत कॉमन हो चुकी हैं। धूल, मिट्टी और पोषण की कमी की वजह से बाल पतले, डल और बेजान होने लगते हैं। आंवला, भृंगराज के साथ-साथ मुलेठी का उपयोग बालों को कोमल चमकदार और जड़ों से मजबूत बनाने में काफी सहायक हो सकता है।

**डेंड्रफ प्रॉब्लम होगी दूर:** अगर आप बालों में रूसी यानी डेंड्रफ की समस्या से परेशान हैं तो मुलेठी का इस्तेमाल कारगर हो सकता है। मुलेठी को पीसकर पावडर बना लें। अब कांच के बाउल में एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद मिला लें और जब यह अच्छे से मिल जाए तो एक चम्मच मुलेठी पावडर को मिलाकर पेस्ट बना लें। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण मौजूद होने की वजह से इस हेयर पैक को बालों और सिर पर लगाने से डेंड्रफ की समस्या से निजात मिलेगी। इसे आप हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकती हैं।



**रोकता है हेयर फॉलिंग:** हेयर फॉलिंग और गंजेपन की समस्या से निपटने में भी मुलेठी का हेयर पैक काफी कारगर साबित होता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में एक चम्मच मुलेठी पावडर और कुछ केसर के धागे अच्छी तरह मिलाने के बाद इसमें 1 कप दूध डालकर बने मिश्रण को रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह इसे माइल्ड शैंपू से धो डालें।

**काले बालों के लिए:** अगर आपके बाल असमय सफेद हो रहे हैं तो दही और मुलेठी का पेस्ट कारगर साबित हो सकता है। इसके लिए दही और मुलेठी पावडर को बराबर मात्रा में मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें और इस पेस्ट को बालों पर लगाकर सूखने के बाद माइल्ड शैंपू से धो डालें। इस पेस्ट को आप हफ्ते में एक बार इस्तेमाल कर सकती हैं।



**मुलेठी का हेयर मास्क:** हेयर मास्क बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर एक समान गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

---

मेडिकल एडवाइस

डॉ. अंशुमाला शुक्ला कुलकर्णी

हेड-मिनिमली इंवेसिव गायनेकोलॉजी, गायनेकोलॉजी लेप्रोस्कोपिक-रोबोटिक सर्जरी कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

महिलाओं से जुड़ी ऐसी बहुत सी बीमारियां हैं, जिनके बारे में उन्हें मालूम नहीं होता और धीरे-धीरे वह बीमारी बड़ा रूप ले लेती है। एंडोमेट्रियोसिस ऐसी ही एक बीमारी है। इस बीमारी के कारण, लक्षण और ट्रीटमेंट के बारे में बता रहे हैं आपको।

## लापरवाही से बढ़ सकती है एंडोमेट्रियोसिस की प्रॉब्लम

कई आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में 10 से 15 प्रतिशत महिलाएं एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित हैं। एंडोमेट्रियोसिस एक लंबे समय तक बनी रहने वाली बीमारी है, फिर भी जागरूकता की कमी और इसके लक्षण बहुत ही सामान्य होने की वजह से अकसर इसका ट्रीटमेंट समय पर नहीं हो पाता है।

**कैसे होती है यह प्रॉब्लम:** जब यूटरस के लेयर की तरह एक टिश्यू, यूटरस कैविटी के बाहर बढ़ने लगता है तो यह ओवरी, फैलोपियन ट्यूब और पेल्विक लिगामेंट को प्रभावित करने लगता है। इस एब्नॉर्मल टिश्यू ग्रोथ की वजह से स्वेलिंग आ जाती है और टिश्यू चिपक जाता है। उसके निशान पड़ जाते हैं, जिससे दर्द होता है और प्रेग्नेंसी में प्रॉब्लम जैसे अलग-अलग लक्षण दिखाई देते हैं। इसे ही एंडोमेट्रियोसिस कहते हैं। यह स्थिति महिलाओं में 25 साल की उम्र में शुरू हो सकती है और लगभग 50 साल की उम्र तक जारी रह सकती है। ज्यादातर महिलाएं इस बीमारी से अनजान रहती हैं।



**एंडोमेट्रियोसिस के प्रमुख लक्षण:** पेल्विक एरिया में क्रॉनिक पेन, जो पीरियड्स के दौरान बढ़ता है।

- पीरियड्स की अनियमितता, उन दिनों में बहुत ज्यादा दर्द होना, ज्यादा मात्रा में ब्लीडिंग होना। सेक्स के दौरान दर्द होना।
- शौच या पेशाब करते हुए बहुत दर्द होना।
- पीरियड्स के दौरान थकान, सूजन और वॉमिट फील होना।
- एंडोमेट्रियोसिस की वजह से प्रजनन अंगों को नुकसान होता है और गर्भधारण करने में परेशानी होती है।

**हार्मफुल होती है लापरवाही:** एंडोमेट्रियोसिस के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं। कभी-कभी बहुत हल्के या कम फील हो सकते हैं। कुछ महिलाओं में जब तक उन्हें गर्भधारण करने में कठिनाई न हो, तब तक इसके लक्षण महसूस नहीं होते हैं। इसलिए जब तक गर्भधारण करने में परेशानी न हो तब तक महिलाएं अपनी इन समस्या के लिए डॉक्टर से कंसल्ट नहीं करती हैं। जागरूकता की कमी की वजह से एंडोमेट्रियोसिस का निदान में देरी हो जाती है।

**डायग्नोसिस-ट्रीटमेंट:** एंडोमेट्रियोसिस का ट्रीटमेंट तभी शुरू हो सकता है, जब कंडीशन पूरी तरह डायग्नोस कर ली जाती है। ट्रांसवेजाइनल अल्ट्रासोनोग्राफी, एमआरआई और मिनिमली इंवेसिव लैप्रोस्कोपिक कुछ ऐसी डायग्नोस्टिक तकनीकें हैं, जिनका उपयोग सटीक निदान के लिए किया जाता है। रोबोट असिस्टेड सर्जरी जैसी उन्नत सर्जिकल मैथड्स ने एंडोमेट्रियोसिस सर्जरी के परिणामों में काफी इंप्रूवमेंट किया है। सर्जरी के लिए कई बार कोलोरेक्टल सर्जन और यूरोलॉजिस्ट के साथ मल्टी-डिसिप्लिनरी डायग्नोसिस की भी जरूरत पड़ सकती है। इसके अलावा, डायग्नोस्टिक स्टेप्स में लक्षणों की जांच के साथ-साथ पूरी मेडिकल हिस्ट्री भी ली जाती है। एंडोमेट्रियोसिस के प्रॉपर ट्रीटमेंट के लिए मल्टी-डिसिप्लिनरी एंगल से डायग्नोसिस पर ध्यान देना जरूरी है। ऐसे हॉस्पिटल्स जहां गायनेकोलॉजिस्ट्स, रेडियोलॉजिस्ट, पेन स्पेशलिस्ट्स और फर्टिलिटी एक्सपर्ट एक साथ पेशेंट की कंडीशन पर कंसल्ट कर सकते हैं। इससे पेशेंट को उनके लक्षणों, बीमारी के चरण और प्रेग्नेंसी इश्यूज के अनुसार इलाज मिलता है। ट्रीटमेंट में आमतौर पर दर्द के लिए दवा, बीमारी की प्रगति को धीमा करने वाली हार्मोनल थेरेपी और गंभीर मामलों में स्कार टिश्यू और एंडोमेट्रियल ग्रोथ को हटाने के लिए सर्जरी की जाती है।

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स

---

जीवनशैली

डॉ. मोनिका शर्मा

यह सही है कि विवाह के बाद किसी युवती के लिए नए घर, नए परिवार और परिवेश में घुलना-मिलना आसान नहीं होता है। लेकिन अगर आप हर तरह के पूर्वाग्रहों और आशंकाओं से मुक्त होकर, स्नेह-प्रेम के भाव लेकर, पूरी सकारात्मकता के साथ नए जीवन में प्रवेश करेंगी तो सब कुछ आपकी कल्पना से भी सुंदर होगा।

## पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर रखें नए जीवन में अपने कदम

जीवन भर के लिए दो इंसानों के मन जोड़ने वाले वैवाहिक गठबंधन में शुरुआती पड़ाव पर ही समझदारी आवश्यक है। दो परिवारों को एक डोर में बांधने वाला शादी का रिश्ता, इमोशनल और प्रैक्टिकल दोनों ही मोर्चों पर नई शुरुआत ही होता है। संबंधों से लेकर रहन-सहन और सोच-समझ तक, हर पहलू पर इसमें नयापन समाया होता है। जरूरी है कि इस नएपन को सकारात्मक भाव संग अपनाने के लिए हर पूर्वाग्रह से परे होकर नई जिंदगी का स्वागत किया जाए। दुल्हन के मन में भावी जीवन के लिए बंधी-बंधाई सोच नहीं बल्कि सहजता का भाव हो। तयशुदा खांचे या विचार से परे ससुराल और जीवनसाथी से जुड़ाव बनाने की यह संतुलित समझ, सदा के लिए रिश्तों की नींव पक्की कर देगी।

**पूर्वाग्रहों से बचें:** सबसे पहले तो यह समझ लें कि यह जीवन की नई शुरुआत है। अपने मन को भी पूरी तरह इस नएपन से जोड़ें। सुनी-सुनाई बातों के प्रति अपना रुख सहज रखने का प्रयास करें। देखने में आता है कि वैवाहिक जीवन से जुड़े बहुत से पहलू बदलने के बावजूद युवतियां शादी के बंधन को लेकर भयभीत रहती हैं। कई बार इस तयशुदा सोच को अपने-पराए अपनी राय के रूप में खाद पानी भी खूब देते हैं। ऐसे पूर्वाग्रहों को दिलो-दिमाग से निकाल दें। अब सोशल सिस्टम में बहुत कुछ बदल गया है। पारिवारिक परिवेश में भी कितने ही नए बदलावों को सहज स्वीकार्यता मिली है। अपने रिश्तों को जीवंत रखने के लिए, नए जीवन की शुरुआत करते हुए हर तरह के पूर्वाग्रह से बचें।

**शंकाओं से न घिरें:** संदेह की बुनियाद पर वैवाहिक रिश्ते का भवन नहीं बनाया जा सकता है। इसीलिए शादी के पहले या बाद में, मन में आई हर शंका का हल व्यावहारिक रूप से तलाशें। घर से बड़ों को सही जानकारी लेने को कहें। कोई उलझन हो तो आज की शिक्षित सजग युवतियों को स्वयं ही स्पष्ट सवाल कर बात क्लीयर कर लेनी चाहिए। एक ओर भावी जीवनसाथी का सोशल मीडिया प्रोफाइल देखकर व्यक्तित्त्व को जरा विशेष समझने की गलतफहमियां पैदा हो जाती हैं तो दूसरी ओर दिखावे के बर्ताव से दूर सधे-संयमित व्यक्तित्त्व को कमजोर समझ लिया जाता है। संवाद की अति और सूचनाओं के समंदर में जाने कितनी ही शंकाएं-आशंकाएं मन को घेर लेती हैं। उस घर की बेटी के साथ तो ऐसा हुआ या फलाने रिश्तेदार की बेटी ने क्या-क्या झेला? जैसी बातें नए रिश्ते के प्रति शंकाएं बढ़ाती हैं। जाने-अनजाने पूर्वाग्रहों के बीज बोती हैं। ऐसे में किसी शंका का समाधान करने की राह चुनें न कि शक के घेरे में और उलझती जाएं। ऐसी बातें वेडिंग एंजाइटी बढ़ाती हैं। फिक्र के घेरे में आप शादी के खुशनुमा पलों को भी नहीं जी पाएंगी।



**समझें रस्मों में निहित संदेश:** बेटी को लक्ष्मी मानने वाले हमारे समाज में विदाई के समय पीछे की ओर चावल फेंकने की एक रस्म भी होती है। यह रिवाज न केवल बिटिया के जाने के बाद भी मायके में धन-धान्य बने रहने से बल्कि इस बात से भी जुड़ी है कि वह हर नकारात्मकता और पूर्वाग्रह को पीछे उड़ेलकर नए जीवन की ओर कदम बढ़ा रही है। विवाह आयोजन आपके और आपके अपनों के लिए खुशियों को जीने का अवसर है। इस अवसर को सकारात्मकता से अपनाएं।

### सलाहों के फेर में ना फंसें

**शादी कैसे** निभाई जाए? नए रिश्तों को कैसे साधा जाए? लाइफ पार्टनर को कैसे समझा जाए और यहां तक कि नई जिंदगी में कैसे सब कुछ अपने हाथ में लिया जाए? जैसी सलाहें अपने ही नहीं पराए भी खूब देते हैं। मिसाल के तौर पर, 'उसने तो शादी के बाद पहले दिन से ऐसा किया। इसने तो शुरू से ही किसी की नहीं सुनी। देखो, एक बार ससुराल में सबकी बात मानी तो फिर तुम्हारी कोई नहीं सुनेगा। तुम किसी मामले में कम हो क्या?' लंबी फेहरिस्त में न समाने वाले ऐसे उदाहरण मन को डिगाने वाले होते हैं। साथ ही क्या और कैसे किया की रणनीति वाली सलाहें भी दिलो-दिमाग को उलझा देती हैं। ध्यान रहे कि हर घर का माहौल अलग होता है। इन बातों की बुनियाद पर अपना दृष्टिकोण न बनाएं। सहजता से सब संभाल लेने का सकारात्मक भाव रखें।

**खबर संक्षेप**

## गुलाबी बाग से दस दिन से लापता मंदबुद्धि युवक

**रेवाड़ी।** शहर की गुलाबी बाग कॉलोनी से सब्जीमंडी गया युवक लापता हो गया। गुलाबी बाग निवासी कमलेश देवी ने रामपुरा थाना पुलिस को बताया कि उसका 29 वर्षीय बेटा राधा कृष्ण मंदबुद्धि व अविवाहित है। गत 7 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे वह घर से सब्जी मंडी सब्जी लेने गया था, जोकि अब तक घर नहीं आया है। उनके बेटे को लापता हुए 10 दिन हो चुके है। इन दिनों में परिवार उसकी रिश्तेदारी व अन्य जगह तलाश करता रहा। युवक का कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने 16 फरवरी को पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने गुमशुदगी को केस दर्ज कर लिया है।

## नव प्रेरणा संस्था की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 22 को

**रेवाड़ी।** नव प्रेरणा संस्था मानसिक दिव्यांगों के लिए कार्यरत है। संस्था की ओर से प्रतिवर्ष खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। संस्था की ओर से 22 फरवरी को राव तुलाराम स्टेडियम में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 25 मीटर, 50 मीटर व 100 मीटर दौड़, शॉर्टपुट थ्रो, सॉफ्टबॉल थ्रो व रनिंग लॉन्ग जंप सहित अनेक खेलों का आयोजन किया जाएगा।

## राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष 19 को करेंगे सुनवाई

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डा. रविन्द्र बलियाला की अध्यक्षता में 19 फरवरी को जिले में विभिन्न मामलों की सुनवाई के लिए बैठक का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाली बैठक में विभिन्न मामलों के वादी, शिकायतकर्ता, प्रतिवादी, आरोपी एवं केस से संबंधित सभी जांच अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग पंचकुला के प्रवक्ता ने कहा कि बैठक में सभी वादीगण व शिकायतकर्ता निर्धारित समय पर जरूरी दस्तावेजों सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### एचटी लाइन के विरोध में किसानों ने की महापंचायत

# मार्केट रेट पर मुआवजा देने के साथ-साथ की रायल्टी देने की मांग

■ मामले में पुलिस के आलाधिकारियों को अवगत करवाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

एचटी लाइन के विरोध में किसानों ने लघुसचिवालय परिसर में महापंचायत कर किसानों को मार्केट रेट पर मुआवजे देने के साथ-साथ रायल्टी देने की भी मांग की। उन्होंने सरकार पर किसान कमेरा वर्ग का विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि बगैर मार्केट रेट मुआवजा लिए एचटी लाइन को अपने खेतों से गुजरने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके खेतों में एचटी लाइन के पोल लगवाने के लिए गड्ढे खुदवा दिए है। जिन्हें किसान जल्द ही भरने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि जहां से भी यह एचटी लाइन गुजरती है वहां उस किसान की 70 प्रतिशत तक जमीन खराब हो जाती है। फिर उस जमीन पर न कोई फैक्ट्री लग सकती है और न ही किसान की फसल की उगाही हो सकती है। सरकार मानती है कि किसान को नुकसान 30 प्रतिशत तक का है जबकि किसानों को नुकसान 70 प्रतिशत तक का है। इस दौरान गांव खरहर के एक बुजुर्ग किसान के साथ पुलिस कर्मचारी द्वारा उसी के ही खेत में धक्के मारने की कार्यवाई की भी निंदा की। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस के आलाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है,लेकिन उसके बावजूद भी आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाई अमल में नही लाई गई है। जिसके कारण किसानों में रोष बना हुआ है।



झज्जर। लघुसचिवालय परिसर में महापंचायत के दौरान उपस्थित किसान। फोटो :हरिभूमि

## ग्रामीणों को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक



झज्जर। ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत सोमवार को एसीपी धर्मवीर सिंह, थाना प्रबंधक सदर प्रशिक्षु आईपीएस फैजल खान व दुलीना चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रीना ने गांव मुनीमपुर और दादरीतोए के सरपंच व अन्य मौजिज व्यक्तियों से उनकी समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया। उन्होंने नशीले पदार्थ के दुष्प्रभाव, किराएदारों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाने व साइबर संबंधी अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। अगर आपके आसपास कोई नशीला पदार्थ बेचता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें ताकि उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। गांव मुनीमपुर के सरपंच रोहित, पंच विजेंद्र, मदन, नवीन, ईश्वर, राजवीर व गांव दादरी तोए के सरपंच सुनील कुमार, राजेश, प्यारेलाल, सतबीर, बलजीत सहित अन्य मौजिज व्यक्ति मौजूद रहे।

## बीडीपीओ के माध्यम से भेजा सीएम को ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन किया और बीडीपीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। संगठन द्वारा 11 से 17 फरवरी तक मांग सप्ताह अभियान चलाया गया था।

एआईयूटीयूसी जिला सचिव सतीश कुमार ने बताया कि भाजपा सरकार ने अनेक श्रम कानून खत्म कर दिए, 4 लेबर कोड बनाकर मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला किया है। कार्य दिवस के घंटे बढ़ाने के साथ ही काम का बोझ बढ़ाया जा रहा है। मजदूर नेता लालजी, संजीवन तथा लालबहादुर ने कहा कि खाली पदों पर भर्ती न करके, नए रोजगार सृजन ना करके बेरोजगारों को दर-दर की ठोकरें खाने के लिए बाध्य कर रही है। एआईयूटीयूसी जिला कमेटी ने सोमवार को 18 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन बीडीपीओ बहादुरगढ़ के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री को भेजा है। इसमें 28 हजार रुपये मासिक न्यूनतम वेतन करने, चार लेबर कोड समाप्त करने, ऑगनवाड़ी, आशा, मिड-डे-मील सहित स्कीम कर्मियों को श्रमिक का दर्जा देने, कार्य दिवस 6 घंटे करने, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने, गुरुग्राम मारूति के श्रमिकों का दमन बंद करके उनकी जायज मांग पूरी करने की गुहार लगाई गई है।



बहादुरगढ़। खंड विकास पंचायत कार्यालय में ज्ञापन सौंपते संगठन के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## साइबर क्राइम व नशे के प्रति जागरूक किया

■ साइबर ठग आए दिन लोगों को चूना लगाने के लिए तरह-तरह की तरकीब अपना रहे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

साइबर क्राइम और नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस की ओर से मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत सोमवार को एमआईई स्थित श्रीराम पोलीमर कंपनी में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के नियम बताने के साथ-साथ, नशे के प्रति जागरूक किया गया। साइबर ठगी से बचने के लिए भी कर्मचारियों को सतर्क किया गया। यातायात समन्वयक एसआई सत्यप्रकाश ने कहा कि आज ज्यादातर लोग इंटरनेट इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके बहुत फायदे हैं लेकिन सतर्कता न हो तो नुकसान भी हो सकता है। साइबर ठग आए दिन लोगों को चूना लगाने के लिए तरह-तरह की तरकीब अपना रहे हैं।

इसलिए ऑनलाइन खरीददारी करते हुए साइट को अच्छी तरह से परख लें। अनचाहे एप्स डाउनलोड न करें और किसी भी प्रलोभन देते पोस्ट, मैसेज पर यकीन न करें। अपने खाते से संबंधित जानकारी किसी भी अंजान से शेयर न करें। इसके अलावा नशे से दूर रहे और यातायात नियमों का पालन कर अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। लोगों को नशा न करने का संकल्प दिलाया गया और उन्हें इसके दुष्प्रभाव भी समझाए गए।



बहादुरगढ़। कर्मचारियों को जागरूक करते एसआई सत्यप्रकाश। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को संबोधित करते हुए आशा वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

## स्वच्छता एवं प्रबंधन विषय पर छात्राओं को किया जागरुक

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा क्षेत्र के गांव दादरी तोए स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन विषय पर जागरुक किया गया। स्वास्थ्य विभाग से आशा वर्कर्स माया ने मासिक धर्म प्रक्रिया से अवगत कराते हुए छात्राओं को सैनेटरी पैड के निस्तारण बारे भी विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा उन्हें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा बाल श्रम अधिनियम की जानकारी देते हुए बाल विवाह मुक्त भारत बनाने संबंधी शपथ भी दिलाई गई। एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक मनोज कुमार, स्कूल स्टाफ सदस्य मनीषा, सुनीलदेवी, पूनम, राखी, आशा वर्कर्स शारदा सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। रोड सेफ्टी क्विज के विजेताओं को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी**

साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी करने के मामले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गुजरात के जिला मेहसाना के गांव नवास राजपुर निवासी आशीष चौधरी व गुजरात के जिला मेहसाना की आनंद नगर सोसाइटी हाल गांव सुदासना निवासी गौतम प्रजापति के रूप में हुई हैं। गत वर्ष 19 जून को गांव आनंदपुर निवासी सतबीर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह शेयर मार्केट में पैसा निवेश करना चाहता था। इसके लिए वह एक ग्रुप से जुड़ गया। आरोपियों ने उससे शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देते हुए डीमेट अकाउंट खुलवा दिया। इसके बाद उससे बार-बार खाते में पैसे ट्रांसफर कराते हुए कुल 3 लाख 90 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। जांच के बाद पुलिस ने रविवार को मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद इस बात का खुलासा हुआ है कि सतबीर सिंह के खाते से पैसे एक अन्य खाते से होते हुए आरोपी आशीष चौधरी के खाते में गए थे। आशीष चौधरी ने गौतम प्रजापति के कहने पर अपना खाता कमीशन के आधार पर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं।




रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में साइबर ठगी के आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## रोड सेफ्टी क्विज के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में सोमवार को रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य सतबीर सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी में उनके संस्थान के विद्यार्थियों ने हरियाणा में प्रथम व तृतीय स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में लक्ष्या मोर, अरनाया यादव व सिया को 51सौ-51सौ रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा छवि शर्मा, अंकिता जाखड़ व प्रियांशु जाखड़ को 21सौ-21सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, ग्रुप सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया ने बताया कि उनके संस्थान द्वारा पहले भी विभिन्न खेल, शिक्षा व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को लाखों रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जा चुका है।

**बैठक** शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिले के क्लस्टर प्रमुखों की बैठक आयोजित

# विद्यालय का वास्तविक प्रतिबिंब होता है परीक्षा परिणाम : डीईओ

■ छात्रों की अपार आईडी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में जिले के क्लस्टर प्रमुखों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी खंड शिक्षा अधिकारी और खंड संसाधन समन्वयक ने भी भाग लिया। जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने निपुण विजिट्स, क्लस्टर प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की और गुणवत्तापूर्ण निरीक्षण पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक ने क्लस्टर प्रमुखों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि उनके क्लस्टर के विद्यालयों में कोई भी एसीपी मामला लंबित न रहे। क्योंकि ये जिम्मेदारी आहरण एवं वितरण अधिकारी की होती है। उन्होंने स्कूल प्रमुखों को शिक्षकों की उपस्थिति एवं कक्षा शिक्षकों को विद्यार्थियों की उपस्थिति एमआईएस पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने ड्रॉप बॉक्स की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्कूलों के छात्रों की अपार आईडी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम ही किसी विद्यालय का वास्तविक प्रतिबिंब होते हैं। उन्होंने कहा कि अब बोर्ड परीक्षाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी रतींद्र सिंह, रुपिंदर नांदल, मुन्नी सहारण, रमेश चौहान, सुरेशपाल सुहाग, खंड संसाधन समन्वयक हरिओम, सतदेव राठी, ललित राज्याण, जिला गणित विशेषज्ञ विक्रम सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। बैठक में मौजूद कलस्टर प्रमुखों को संबोधित करते हुए डीईओ वीरेंद्र मलिक। फोटो :हरिभूमि

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रहे व्यक्ति की मौत

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-नारनौल मार्ग पर सुंदरोज बस अड्डे के पास सड़क पार कर रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे गंभीर चोटों के कारण व्यक्ति की मौत हो गई। गांव ढाणी सुंदरोज निवासी राजकुमार ने रामपुरा थाना पुलिस को बताया कि उसका 47 वर्षीय छोटा भाई बलवंत 16 फरवरी को मजदूरी करके गांव धामलावास से घर आ रहा था। जब वह गांव के सर्विस रोड से सड़क पार कर रहा था तो एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### सार्वजनिक सूचना

मैं, सुशीला पत्नी श्री ख्याली निवासी मकान नंबर-823/8, शास्त्री नगर, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र जसबीर व शक्ति और पुत्रवधु सारिका व रितू मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। वे अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

### सूचना

मैं, आनन्द सुपुत्र श्री लहेरी सिंह निवासी गांव लोवा कला तहसील बहादुरगढ़ जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री राखी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### मत्स्य संपदा योजना को रजिस्ट्रेशन अभियान

**झज्जर।** मंगलवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के प्रचार और मछली पालन के लिए किसानों के पंजीकरण राजकीय मत्स्य बीज फार्म में विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। यह अभियान जिला मत्स्य पालन विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मछली पालन को बढ़ावा देना और अधिकतम किसानों को इस योजना का लाभ दिलाना है।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित बिजली निगम कार्यालय में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की बैठक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरमैन की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक तक होगी। जिसमें बिजली व बिलों से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी। यदि कोई उपभोक्ता अपने परिवाद को लेकर कार्यकारी अभियंता या एसडीओ की कार्यवाही से संतुष्ट न हो तो वह चेयरमैन, अधीक्षण अभियंता के समक्ष बात रख सकता है।

### सरकार ने मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत महिलाओं को अधिकतम पांच लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। यह योजना हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से चलाई जा रही है। जिले में 40 महिलाओं को लाभावित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## पहले दिन 3 पार्षद समर्थन देने पहुंचे, चेयरपर्सन व अधिकारियों ने किया नजरअंदाज

# पार्षद मोहित राठी ने नगर परिषद के गेट पर शुरू किया अनशन

■ राजनीतिक द्वेष के चलते विकास कार्य नहीं करवाने की निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में विकास कार्य नहीं होने से नाराज पार्षद मोहित राठी ने सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के गेट के सामने आमरण अनशन शुरू कर दिया। पार्षद बिजेंद्र दलाल, संदीप दहिया और भूपेंद्र राठी भी उनके अनशन को समर्थन देने पहुंचे। वार्ड नंबर-13 के निवासी भी मोहित के साथ धरना दे रहे हैं। उन्होंने राजनीतिक द्वेष के चलते विकास कार्य नहीं करवाने की निंदा की।

जी हां, रविवार को किए ऐलान के अनुसार वार्ड नंबर-13 के पार्षद मोहित राठी ने सोमवार को बहादुरगढ़ नगर परिषद कार्यालय के गेट के सामने आमरण अनशन शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि परिषद द्वारा उनके वार्ड में विकास कार्य नहीं करवाए जा रहे। जिससे आम लोग परेशान हैं। वार्ड की नालियां गंदगी से अटी पड़ी है, वार्ड में सफाई नहीं होती, स्ट्रीट लाइटें खराब हैं, टूटी गलियां दोबारा नहीं बनाई जा रही। बरसाती नाले भी खुले पड़े हैं। उनका कहना है कि वे चेयरपर्सन से कई बार वार्ड में विकास कार्य करवाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई विकास कार्य नहीं हो रहे। वे इनेलो से जुड़े हैं और चेयरपर्सन भाजपा से हैं। इसीलिए राजनीतिक द्वेष के कारण उनके वार्ड में विकास कार्य नहीं हो रहे। काम करवाना तो दूर नगर परिषद द्वारा बीते 13 महीने से कोई बैठक भी नहीं बुलाई गई। मोहित ने कहा कि इस बार आश्वासन से नहीं मानेंगे, काम होने पर उनका अनशन खत्म होगा।



**बहादुरगढ़।** सोमवार को परिषद गेट पर अनशन करते पार्षद मोहित राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि


**बहादुरगढ़।** विकास नगर में नारियल फोड़ते दिनेश कौशिक।

# वार्ड-1 में 10 लाख से बनेंगी दो गलियां

■ भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने सोमवार को वार्ड-1 के विकास नगर में नारियल फोड़कर दो गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इन दोनों गलियों के निर्माण पर करीब 10 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। दिनेश कौशिक ने बताया कि गलियों का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता व टेंडर के तय मानकों के अनुसार होगा।

विकास कार्यों में किसी तरह की ढिलाई व लापरवाही नहीं सहन होगी। गली निर्माण कार्य में गुणवत्ता सामग्री को लेकर नागरिक भी पूरा ध्यान रखें। भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के पूरे हलके में समान विकास करवा रही है। इस अवसर पर दिनेश शेखावत, रामकंवार सैनी, नरेश भारद्वाज, पार्षद अश्वनी शर्मा, पूर्व पार्षद संदीप, जेई संदीप, धर्म सिंह सिवान, बिल्लू, ज्ञान सिंह राठी, दीपक ठेकेदार, दीपक भारद्वाज, हंसराज मास्टर, महेंद्र, शमशेर, शेखर कौशिक, विनोद प्रजापत, रवि कौशिक व सोनू कानौंदा आदि मौजूद रहे।

## ग्रैंड बेबी शो में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** महर्षि दयानंद स्कूल खुड्डन में ग्रैंड-बेबी शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के तिलक अभिनंदन से की गई। कार्यक्रम में प्ले ग्रुप व नर्सरी से दूसरी तक कक्षा तक के नन्हे विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। जिला एफएलएन संयोजक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। विद्यालय प्राचार्य रामनिवास गहलावत व अकेडमिक इंचार्ज डॉक्टर राजबीर सहवाग, अलका रानी आदि ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य रमेश डिरोलिया व सुरेन्द्र कोडान ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

■ यूनिट प्रधान बिजेंद्र फोगाट ने इस प्रदर्शन की अध्यक्षता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एचएसईबी वर्कर यूनियन की बहादुरगढ़ यूनिट द्वारा सोमवार को दो घंटे का रोष प्रदर्शन किया। यूनिट प्रधान बिजेंद्र फोगाट ने इस प्रदर्शन की अध्यक्षता की। जबकि मंच संचालन यूनिट सचिव बलवंत यादव ने किया। वक्ताओं ने कहा कि निगम ने 31 दिसंबर के बाद डीसी रेट के कर्मचारियों की सेंक्शन नहीं दी है। इस वजह से इन कर्मचारियों को जनवरी माह का वेतन नहीं मिला है, जबकि कर्मचारी लगातार काम कर रहे हैं। बिजली कर्मचारियों का काम जोखिमभरा होता है। यदि इस दौरान कोई हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। अगर सरकार व निगम मैनेजमेंट इस दिशा में कोई उचित निर्णय नहीं लेती है तो यूनियन के केंद्रीय परिषद के आह्वान पर बड़ा कदम उठाया जाएगा। काम का बहिष्कार किया जा सकता है या हड़ताल भी शुरू हो सकती है। इसकी जिम्मेदारी सरकार और निगम की होगी। जगमोहन जेई, बिजेंद्र, लोकेश, रवींद्र देशवाल, सुमित देशवाल, फूलचंद, पंकज शर्मा, रोहित गुलिया, बंटी, सचिन, संजीव सीए, नवीन, मनजीत, राजेश, नरेंद्र, राजकुमार, सुनीता देवी, धनराज, संदीप सहित अन्य कर्मचारी इस मौके पर मौजूद रहे।


**बहादुरगढ़।** निगम कार्यालय के गेट पर धरनारत बिजली कर्मी। फोटो : हरिभूमि

# निबंध में सुजीता और पोस्टर में गरिमा प्रथम



**बहादुरगढ़।** प्रतियोगिता की विजेता व प्रतिभागी छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में महिला प्रकोष्ठ द्वारा निबंध लेखन व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या सुमन हुड्डा के मार्गदर्शन में हुई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया।

युवा रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से डॉ. मोनिका के मार्गदर्शन में संपन्न हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बीएससी मेडिकल फाइनल की सुजीता ने प्राप्त किया। जबकि द्वितीय स्थान पर बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष की तनु रही। तृतीय पुरस्कार बीकॉम प्रथम वर्ष की प्रिया व बीएससी मेडिकल की विदुषी को मिला। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बीएससी मेडिकल सेकेंड इयर की गरिमा, द्वितीय पुरस्कार ईशा सैनी और तृतीय स्थान सुजीता ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका सहायक प्रोफेसर रीना कुमारी, हीरा रापड़िया व भावना ने निभाई। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. शशी रापड़िया ने विद्यार्थियों की सराहनीय भागीदारी को सराहा। प्राचार्या सुमन हुड्डा ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी।

# वेतन न मिलने से आहत कर्मियों की हड़ताल

■ कर्मी बोले-जब तक हमें वेतन नहीं मिलेगा, हड़ताल जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद की चेयरपर्सन के आश्वासन पर हड़ताल बंद करने वाले सफाई कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर सोमवार को फिर से काम बंद कर दिया। नगर परिषद के गेट पर धरना देकर बैठे कर्मचारियों ने वेतन संबंधित अपनी मांग जोर शोर से उठाई। वेतन न मिलने तक हड़ताल जारी रखने की चेतावनी देकर जमकर नारेबाजी की। दरअसल, ठेकेदार के अधीन काम करने वाले सफाई कर्मचारी लगातार समय पर वेतन देने और छुट्टी की मांग उठा रहे हैं लेकिन इनकी सुनवाई नहीं हो रही। कर्मचारियों के मुताबिक, फिलहाल उन्हें चार माह से वेतन नहीं मिला है। कुछ दिन पहले जब हड़ताल शुरू की तो चेयरपर्सन सरोज राठी ने आश्वासन दिया था कि 15 फरवरी तक वेतन मिल जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मजबूर होकर फिर से उन्होंने हड़ताल शुरू कर दी। अनिल, कृष्णा व सुनीता आदि कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें कई-कई माह का वेतन एक साथ दिया जाता है। बीते चार महीने से तो वेतन के नाम पर एक पैसा भी नहीं मिला है। तमाम कर्मचारी निर्धन हैं। वेतन न मिलने से परेशान हैं। हालात ये हैं कि बच्चों के स्कूल की फीस नहीं जा रही और दुकानदारों ने भी राशन उधार देना बंद कर दिया है। लगातार अपना हक मांग रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। केवल आश्वासन मिल रहे हैं। जब तक हमें वेतन नहीं मिलेगा, हड़ताल जारी रहेगी।


**बहादुरगढ़।** नगर परिषद के गेट पर धरनारत सफाई कर्मचारी।

## रास्ता रोककर युवक पर डंडों से हमला

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावण में एक युवक पर तीन लोगों ने लाठी, डंडों से हमला कर दिया। उसे काफी चोट आई और उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। घायल ने अपने गांव के परिवार के सदस्यों पर हमला करवाने का आरोप लगाया है। सदर थाना पुलिस ने एक नामजद युवक सहित अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात गांव लडरावण के निवासी रोहित के साथ हुई है। रोहित का कहना है कि वह अपनी रिक्शा लेकर आसौदा से अपने गांव लौट रहा था। जब गांव के मंदिर के निकट पहुंचा तो वहां पर नीरज नाम का युवक नजर आया। इसके बाद बाइक सवार दो नकाबपोश युवक खड़े मिले। तीनों ने मिलकर मुझ पर हमला कर दिया। खेतों में भागा तो वहां पकड़ लिया और लाठी, डंडों से हमला कर घायल कर दिया। बकौल रोहित, मुझे शक है कि हमारे गांव के ही दो सगे भाइयों ने मुझ पर हमला कराया है। दरअसल, अगस्त 2024 में इन लोगों ने घर में घुसकर हमारे साथ मारपीट की थी। इसके बाद पंचायती समझौता हो गया था। लेकिन ये लोग और इनके परिवार की महिला हमें धमकी देती थी। आरोपी नीरज भी इनके यहां काम करता है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

# बार चुनाव: नामांकन की जांच पूरी

■ किसी भी पद के लिए नहीं लिया गया नामांकन वापिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

28 फरवरी को होने वाले झज्जर बार एसोसिएशन के चुनावों को लेकर शुरू हुई प्रक्रिया में नामांकन वापिस लेने व छंटनी का दिन रहा। चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए गठित चुनाव अधिकारियों राम कुंवार शर्मा, कृष्ण सुहाग, सुंदर सिंह खंडेलवाल, सुखवीर कादियान, धन सिंह सहरावत, सतीश जाखड़, राकेश पूनिया, रविंद्र कौशिक, कर्मबीर सहरावत, प्रवेश छिक्कारा व खुशीलाल सांय चार बजे तक नामांकनों की जांच गई। सभी नामांकन सही पाए गए और किसी भी पद के लिए नामांकन वापिस नहीं लिया गया। इसलिए आगामी 28 फरवरी को सभी पदों के लिए चुनाव होगा। बता दें कि प्रधान पद के लिए एडवोकेट भावेश यादव, दीपक गोयल, यशपाल सैनी, कुलभूषण भारद्वाज, अजय डागर व अजित सोलंकी, उप प्रधान पद के लिए कर्मबीर सिवाच व संजय कहाड़ी, सचिव पद के लिए बिजेंद्र सिंह रंगा, दीपक खत्री व ऋषि अहलावत, सह सचिव पद के लिए राहुल, सुधीर तंवर व अजय यादव तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट रतीश व सुमित चुनाव मैदान में है।


**झज्जर।** नामांकन की जांच के दौरान कार्यालय में मौजूद चुनाव अधिकारी।

# बहादुरगढ़ में होगी सब जूनियर नेशनल तैराकी प्रतियोगिता

**बहादुरगढ़।** सब जूनियर नेशनल स्वीमिंग चैम्पियनशिप पहली बार बहादुरगढ़ में होने जा रही है। शहर की एचएल सिटी स्थित चैम्पियन्स एक्वेटिक एकेडमी के स्वीमिंग पूल पर 10 से 13 अगस्त तक 41वीं सब जूनियर नेशनल स्वीमिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। चैम्पियन्स एक्वेटिक एकेडमी में हरियाणा स्वीमिंग एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में जिला-राज्य स्तरीय तैराकी और वाटरपोलो प्रतियोगिता करवाने और उनकी तारीख तय करने पर मंथन हुआ। एसोसिएशन के सभी जिला सचिवों से बातचीत के बाद तय हुआ कि सीनियर राज्य तैराकी प्रतियोगिता और वाटरपोलो प्रतियोगिता 31 मई से 1 जून तक करवाई जाएगी। वहीं 10 जुलाई से 13 जुलाई तक सब जूनियर और जूनियर राज्य तैराकी प्रतियोगिता करवाई जाएगी। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तैराकों को पहले जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेना होगा और उसी प्रदर्शन के आधार पर उनका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहली बार नेशनल चैम्पियनशिप की मेजबानी भी बहादुरगढ़ को मिल गई है। इससे क्षेत्र के तैराकों को प्रोत्साहन मिलेगा। एसोसिएशन की बैठक में एचएसए के उपप्रधान रवि शिंगारी, सुरेश जून, पलवल से प्रेम, फरीदाबाद से एके पंडित, गुरूग्राम से रविंद्र, अंबाला से रामस्वरूप शर्मा, हिसार से रविंद्र, चरखी दादरी से जगत, सोनीपत से हरबीर, फतेहाबाद से विकास, कैथल से अजय, पंचकुला से महेंद्र, जींद से विनोद, यमुनानगर से अनिल शर्मा और झज्जर से नवनीत खत्री मौजूद रहे।


**बहादुरगढ़।** हरियाणा तैराकी संघ की बैठक में चर्चा करते पदाधिकारी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**मुहिम** | महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

# पर्यावरण सुरक्षा को लेकर स्वयंसेविकाओं ने रैली निकालकर पेड़ लगाने को किया जागरूक

1969 में महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एनएसएस की शुरुआत की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में सोमवार से सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शिविर की शुरूआत करते हुए प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के अर्थ व उद्देश्य बारे विस्तार से जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनु बरवड़ ने अपने संबोधन में बताया कि 1969 में महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एनएसएस की शुरुआत की गई। इसका चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क में स्थित सूर्य मंदिर से लिया गया है जो गतिशीलता का सूचक है। इसका लाल रंग युवा शक्ति तथा नीला रंग ब्रह्मांड का सूचक है। शिविर में 45 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। पहले दिन योगा ट्रेनर हरमेश बंसल ने स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास कराया। इसके बाद आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में भी स्वयंसेविकाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। दोपहर सत्र में महिला पुलिस टीम ने डायल 112 एप बारे जानकारी दी। इसके अलावा पर्यावरण सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए स्वयंसेविकाओं द्वारा एक जागरुकता रैली भी निकाली। प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जागरुकता रैली के दौरान स्वयंसेवी छात्राओं ने हरे भरे पेड़ लगाने, प्रकृति से खिलवाड़ न करने के संबंध में नारे लगाए।



**झज्जर।** पर्यावरण सुरक्षा संबंधी जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाते हुए प्राचार्या माधवी शर्मा। फोटो : हरिभूमि